**ग्रामीण कृषि मौसम सेवा**
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

**दिनांक : 16-05-2023**

**उधम सिंह नगर(उत्तराखंड ) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-05-16 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)**

| मौसम कारक | 2023-05-17 | 2023-05-18 | 2023-05-19 | 2023-05-20 | 2023-05-21 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 0.0 | 0.0 | 1.0 | 0.0 | 0.0 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 38.0 | 39.0 | 38.0 | 38.0 | 39.0 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 20.0 | 20.0 | 21.0 | 21.0 | 22.0 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 65 | 70 | 70 | 65 | 65 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 30 | 30 | 30 | 30 | 30 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 8 | 8 | 10 | 12 | 12 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 310 | 320 | 310 | 310 | 320 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 1 | 4 | 3 | 0 | 0 |

## मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों ( 9-15 मई, 2023) में 0.0 मिमी वर्षा हुई व आसमान साफ रहा तथा कहीं-कहीं बादल छाये रहें। अधिकतम तापमान 32.5 से 37.5 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 14.9 से 22.1 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 52 से 66 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 20 से 33 प्रतिशत एवं हवा 0.7 से 4.0 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-उत्तर-पूर्व व पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा से चली| आगामी पांच दिनों में, मौसम साफ रहेगाा। साथ ही हल्के बादल छाये रहेंगे अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 38.0 से 39.0 व 20.0 से 22.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 8.0- 12.0 किमी/घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है।

## सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| किसान भाइयो, मई माह मे खेत की मेड़ बन्दी कर जुताई कर के छोड़ दे। ग्रीष्मकालीन जुताई से खेत के कीटो एवं बीमारियो के लारवा एवं खरपतवार आदि के बीज नष्ट हो जाते है मेड़ बन्दी से वर्षा जल खेत में ही रहेगा तथा जल बहाव के साथ मिट्टी बहकर बाहर नही जाएगी।

## लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, 17-18 मई को गरज चमक व तेज हवाओं के साथ कहीं-कहीं बूंदा-बांदी या हल्की वर्षा हो

सकती है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगाा। रसायनो का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

## फ़सल विशिष्ट सलाह:

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| डाइन्चा | किसान भाइयो, गेंहूँ एवं अन्य रबी फसलो की कटाई के बाद खाली खेत में हरी खाद हेतू ढैंचा तथा सनई की बुवाई करें। सनई की नरेन्द्र सनई-1 तथा ढैंचा की पंत ढैंचा-1 हिसार ढैंचा-1 आदि उन्नतशील किस्मो का चुनाव करे। सनई हेतू बीज दर 80-90 किलोग्राम/हेक्टेयर तथा ढैंचा हेतू बीज दर 60-80 किलोग्राम/हेक्टेयर रखें। |
| मूँग | किसान भाइयो, मौसम पूर्वानुमान को संज्ञान में रखकर, मूंग में निराई गुड़ाई का कार्य के उपरान्त सिंचाई का कार्य संपन्न करें। |
| गन्ना | किसान भाइयो, बसंतकालीन गन्ने में काले बग का प्रकोप हो तो फेन्थेएट 50 ई0सी0 के 1लीटर /हैक्टेयर या मोनोक्रोटोफास 36 एस0एल0 के 750 मिली या क्यूनालफास 25 ई0सी0 के 2 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। |
| लहसुन | किसान भाइयो, परिपक्व लहसुन के तैयार कन्दो को उखाड़ कर छाया मे रखे तथा छोटे बन्डल बनाकर किसी शुष्क स्थान पर रखें जहॉ वायु का आवागमन हो उसको भण्डारित करे। |

## बागवानी विशिष्ट सलाह:

| बागवानी | बागवानी विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| प्याज | जिन किसान भाइयो ने प्याज की रोपाई 15-20 जनवरी के आस-पास की हो उनके कन्द तैयार हो चुके हैं। तो कन्द के डंठल को हाथ या बांस के डंडे के माध्यम से मोड़ दें ताकि डंठल को सुखाकर कंदो को सफाई पूर्वक उखाड़ा जा सके। |
| टमाटर | टमाटर की फसल मे विषाणु जनित रोगो के नियंत्रण हेतु संक्रमित पौधों ( सिकुड़े हुए चित्तकबरे पत्ते दिखाई देने पर) को निकालकर नष्ट करे तथा रस चूसने वाले कीड़ो के नियत्रंण हेतु सर्वागीं कीटनाशी का छिड़काव करें। झुलसा रोग के प्रकोप से बचाव हेतु मैनकोजेब 2.5 ग्रा0/ली0 या कॉपर आक्सीक्लोराइड 3.0 ग्रा0 प्रति ली0 पानी की दर से घोल बनाकर छिडकाव करे। किसान भाइयो, ध्यान रहे छिड़काव का कार्य, मौसम पूर्वानुमान को संज्ञान में रखकर ही करें। |
| कद्दू | कद्दू वर्गीय सब्जियो में पत्तियॉ यदि चितकबरी दिख रही हो या मुड़ रही हो तो ऐसे पौधो को निकाल नष्ट करे एवं रस चूसने वाले कीड़ो से बचाव हेतू सर्वांगी कीटनाशी का छिड़काव करे। किसान भाइयो, ध्यान रहे छिड़काव का कार्य, मौसम पूर्वानुमान को संज्ञान में रखकर ही करें। |
| मिर्च | किसान भाइयो, मिर्च की फसल मे विषाणु जनित रोगो के नियंत्रण हेतु संक्रमित पौधों ( सिकुड़े हुए चित्तकबरे पत्ते दिखाई देने पर) को निकालकर नष्ट करे तथा रस चूसने वाले कीड़ो के नियत्रंण हेतु सर्वागीं कीटनाशी का छिड़काव करें। झुलसा रोग के प्रकोप से बचाव हेतु मैनकोजेब 2.5 ग्रा0/ली0 या कॉपर आक्सीक्लोराइड 3.0 ग्रा0 प्रति ली0 पानी की दर से घोल बनाकर छिडकाव करे। ध्यान रहे छिड़काव का कार्य, मौसम पूर्वानुमान को संज्ञान में रखकर ही करें। |

## पशुपालन विशिष्ट सलाह:

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| भेंस | गर्मी के मौसम में पशुशाला के आसपास की नालियो में मेलाथियॉन अथवा अन्य कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव समय समय पर कराते रहे। इस गर्मी के दिनों में पशुओं के लिए पानी की उचित व्यवस्था करें। पीने के पात्र को साफ रखना चाहिए और दिन के समय पशुओ को कम से कम चार बार पानी जरूय पिलाये। पशुओं में मेस्टाईटिस के लक्षण दिखाई देने पर इसका तुरंत इलाज करे। |
| गाय | विदेशी गायें अधिक गर्मी सहन नही कर पाती जिससे उनके आहार ग्रहण करने की क्षमता में कमी आ जाती है। और उनका उत्पादन प्रभावित होता है। अतः विदेशी गायो का उत्पादन बनाये रखने तथा बीमारियो से बचाव हेतु गौशाला के अन्दर तापमान नियंत्रण हेतू शीतल यंत्र जैसे पंखा, कूलर अथवा आधुनिकतम शीतल यंत्र की व्यवस्था करे। |

## अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

| अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) | अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| सामान्य सलाह | रबी फसलो की कटाई के बाद खाली खेत से इस मई माह में मृदा नमूना खेत से 10-15 विभिन्न स्थानो से लेना चाहिए। मिट्टी का नमूना 20 सेमी तक की गहराई से लेना चाहिए। |